11 JULY- CORIYA -BHOOMI-PG-1_Layout 1 7/11/2026 8:55 PM Page 1

तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 25 डिग्री

हरिभूमि
कोरिया भूमि
बिलासपुर, रविवार 12 जुलाई 2026
बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर

3 बैजनाथपुर के बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी



## खबर संक्षेप

### हरीश होंगे कोरिया के नए एसपी

**बैकुण्ठपुर।** छग शासन के गृह विभाग द्वारा भारतीय पुलिस सेवा के अधिकारियों का स्थानांतरण आदेश हाल में जारी किया गया। इसमें कोरिया जिले के पुलिस अधीक्षक भी प्रभावित हुए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया पुलिस अधीक्षक के रूप में मुख्यमंत्री सुरक्षा के एसपी हरीश राठौर को कोरिया का नया पुलिस अधीक्षक बनाया वही वर्तमान पुलिस अधीक्षक कोरिया रवि कुमार कुर्रे को पुलिस मुख्यालय नया रायपुर में सहायक पुलिस महानिरीक्षक के पद पर स्थानांतरण किया गया।

### नई कार्यकारिणी घोषित बलजीत फिर बनीं अध्यक्ष

**बैकुण्ठपुर।** वी क्लब उड़ान बैकुंठपुर की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है। क्लब ने एक बार फिर बलजीत कौर को अध्यक्ष, मधु गुप्ता को सचिव तथा क्षमा बड़ेरिया को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों ने संगठन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे क्लब की सामाजिक एवं सेवा गतिविधियों को और अधिक प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगी। इस अवसर पर उन्होंने डिस्ट्रिक्ट प्रेसिडेंट ज्योति प्रधान तथा एरिया ऑफिसर प्रभा पटेल के मार्गदर्शन में कार्य करने का अवसर मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की और संगठन की जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करने का संकल्प लिया।

### हर्षिता राष्ट्रीय छात्रवृत्ति के लिए चयनित

**चिरमिरी।** चिरमिरी के वरिष्ठ पत्रकार अतुल गुप्ता तथा श्रीमती ज्योति गुप्ता की सुपुत्री कु. हर्षिता गुप्ता का चयन छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित नेशनल मीन्स-कम-मेरिट स्कॉलरशिप (एनएमएमएस) परीक्षा में हुआ है। हर्षिता ने परीक्षा में 100 में से 73 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और अब कक्षा 9वीं से 12वीं तक प्रतिमाह 1,000 की छात्रवृत्ति प्राप्त करेंगी। यह परीक्षा छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रतिवर्ष कक्षा 7वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए आयोजित की जाती है। हर्षिता वर्तमान में स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, पोड़ी चिरमिरी की मेधावी छात्रा हैं। हर्षिता की इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय एवं पूरे चिरमिरी क्षेत्र में खुशी का माहौल है।



समाचार क्रमांक-18

### एमपीपीएससी के लिए चयनित हुए भरत

**अनूपपुर।** जिले के बिजुरी लैंप्स प्रबंधक के पद पर कार्यरत ओंकार प्रसाद दुबे के पुत्र भरत दुबे का एमपीपीएससी वर्ष 2025 में चयन हुआ है,जिसमें भरत का माइनिंग इंस्पेक्टर के पद पर चयन हुआ है,भारत दुबे सरस्वती स्कूल तथा शा.सीएलके स्कूल बिजुरी में 10वी 12वीं तक की शिक्षा ग्रहण की, उच्च शिक्षा डॉक्टर हरि सिंह विश्वविद्यालय सागर एवं रवि शंकर विश्वविद्यालय रायपुर मे ग्रहण की, उच्च शिक्षा के साथ ही भरत दुबे इस तरह से कड़ी मेहनत और संघर्ष पूर्ण स्थिति में इस मुकाम को हासिल किया,इस उपलब्धि का श्रेय भारत दुबे ने अपने माता-पिता ,भाई और गुरु को दिया है।



### विद्यार्थियों को मिलेगा प्रतिभा दिखाने का अवसर

**मनेन्द्रगढ़।** जिला शिक्षा अधिकारी, एमसीबी ने पीएसवाय राष्ट्रीय उत्कृष्टता अवार्ड (प्रतिभा सम्मान योजना)-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जिले के सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों, हाई एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों तथा शासकीय, अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त विद्यालयों के प्राचार्यों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। योजना के माध्यम से जिले के कक्षा 3 से 12 तक के विद्यार्थियों को राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिलेगा। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि योजना के अंतर्गत कक्षा 3 से 12 तक अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए राष्ट्रीय चित्रकला, शोध एवं प्रारंभिक परीक्षा आयोजित की जाएगी। परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को विभिन्न चरणों में सम्मानित किया जाएगा तथा उन्हें छात्रवृत्ति सहित अन्य प्रोत्साहन का लाभ मिलेगा। योजना में शामिल होने के इच्छुक विद्यार्थी पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त 2026 निर्धारित की गई है।

थाने के सामने शव रखकर आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

# जेसीबी की टक्कर से युवक की मौत पर हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़

- बीपीसीएल और जेएनएक्स कंपनी के कार्यप्रणाली पर उठे सवाल

एक ओर गैस पाइपलाइन परियोजना के नाम पर विकास के दावे किए जा रहे हैं, वहीं दूसरी ओर उसी परियोजना से जुड़ा कथित सुरक्षा में लापरवाही का मामला एक परिवार की जिंदगी पर भारी पड़ गया। शुक्रवार की रात मनेंद्रगढ़ में बीपीसीएल की गैस पाइपलाइन परियोजना में कार्यरत जेएनएक्स कंपनी की जेसीबी की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रुप से घायल हो गया। हादसे के बाद सामने आए वीडियो ने पूरे मामले को नया मोड़ दे दिया है और कंपनी की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार, शुक्रवार रात आस्था रेस्टोरेंट की ओर से लौट रहे दो युवक स्कूटी से अपने घर जा रहे थे। इसी दौरान गैस पाइपलाइन कार्य में लगी जेसीबी से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। हादसा इतना भीषण था कि राघवेंद्र नामक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी सागर गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर किया गया। घटना के बाद सामने आया वीडियो, सुरक्षा इंतजामों पर उठे सवाल हादसे के बाद सामने आए एक वीडियो में दावा किया जा रहा है कि दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर सुरक्षा के आवश्यक इंतजाम मौजूद नहीं थे। वीडियो में कुछ लोग यह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि हादसे के बाद कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और जल्दबाजी में खुदाई वाले हिस्से के आसपास रेडियम रिबन और चेतावनी पट्टियां लगाने लगे। प्रत्यक्षदर्शियों का आरोप है कि यदि पहले से बैरिकेडिंग, रिफ्लेक्टर, चेतावनी संकेत और पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की गई होती तो यह हादसा टाला जा सकता था। वीडियो में लोगों की आवाज भी सुनाई देती है कि ₹पहले रिबन क्यों नहीं लगाया ₹ और ₹गाड़ी भाग रही है, गाड़ी का पीछा करो।₹ हालांकि, वीडियो में किए जा रहे इन दावों की आधिकारिक पुष्टि फिलहाल प्रशासन की ओर से नहीं की गई है। मामले की जांच जारी है।

सुरक्षा मानकों के पालन पर उठे गंभीर प्रश्न स्थानीय लोगों का कहना है कि मुख्य सड़क पर गैस पाइपलाइन का कार्य लंबे समय से चल रहा है, लेकिन कई स्थानों पर पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं दिखाई देती। उनका आरोप है कि रात के समय न तो पर्याप्त चेतावनी संकेत लगाए गए थे और न ही ऐसी बैरिकेडिंग थी, जिससे वाहन चालकों को पहले से खतरे का अंदाजा हो सके। लोगों का मानना है कि यदि निर्माण एजेंसी द्वारा सुरक्षा मानकों का पूरी तरह पालन किया गया होता तो शायद यह हादसा नहीं होता।



शव रखकर प्रदर्शन करते लोग।

## थाने के सामने शव रखकर किए प्रदर्शन

हादसे से आक्रोशित परिजन थाने के सामने शव रखकर प्रदर्शन किए। दुर्घटना के बाद मृतक के परिजन और सैकड़ों ग्रामीण मनेंद्रगढ़ सिटी कोतवाली पहुंच गए। आक्रोशित लोगों ने मृतक के शव को थाने के सामने सड़क पर रखकर चक्काजाम कर दिया और धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने आरोपी जेसीबी चालक की तत्काल गिरफ्तारी, बीपीसीएल और जेएनएक्स कंपनी के जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई तथा मृतक परिवार को उचित मुआवजा देने की मांग की। कई घंटे तक चले प्रदर्शन के दौरान पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर मौजूद रहे और परिजनों को समझाने का प्रयास करते रहे। दोपहर लगभग तीन बजे प्रशासन की समझाइश के बाद परिजनों ने पोस्टमार्टम के लिए शव भेजने पर सहमति दी। पुलिस ने चालक पर दर्ज किया मामला पुलिस ने आरोपी जेसीबी चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इस मौके पर मृतक के परिजन के साथ ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष राजकुमार केसरवानी, हफीज मेंमन , पार्षद अजय जायसवाल, अनिल प्रजापति, स्वप्निल सिंह, गिरधर जायसवाल, कांग्रेस नेता रवि जैन, समेत कांग्रेस कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

### सुरक्षा मानकों पर उठे सवाल

घटना के बाद सामने आए वीडियो और स्थानीय लोगों के आरोपों के बाद निर्माण कार्य में सुरक्षा मानकों के पालन को लेकर भी जांच की मांग तेज हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि जांच में कंपनियों की लापरवाही सामने आती है तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए।

## बैकुंठपुर में भी खोदे गए गड्ढे बने खतरा, लोगों में नाराजगी

**बैकुण्ठपुर।** शहर के एमएलए नगर क्षेत्र में बीपीसीएल द्वारा पाइपलाइन बिछाने के लिए खोदे गए गड्ढे बरसात के मौसम में लोगों के लिए परेशानी और संभावित हादसों का कारण बनते जा रहे हैं। कॉलोनी के कई स्थानों पर केबल बिछाने के बाद गड्ढों को मिट्टी से भर तो दिया गया, लेकिन लगातार बारिश के कारण मिट्टी धंसने लगी है।

रहवासियों का कहना है कि सड़क किनारे धंसी हुई जगहें वाहन चालकों और पैदल चलने वालों के लिए खतरा बन गई हैं। सबसे अधिक चिंता कॉलोनी में खेलने वाले बच्चों की सुरक्षा को लेकर है, क्योंकि धंसी हुई मिट्टी के कारण किसी भी समय दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया कि बरसात के मौसम में पाइपलाइन बिछाने का कार्य शुरू करने की क्या आवश्यकता थी। उनका कहना है कि गड्ढों को भरने के बावजूद बारिश के कारण जमीन फिर धंस रही है, जिससे जोखिम लगातार बढ़ता जा रहा है। कॉलोनीवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के दौरान ऐसे कार्यों पर रोक लगाई जाए तथा जिन स्थानों पर खुदाई की गई है, वहां सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम कर गड्ढों का स्थायी रूप से समतलीकरण कराया जाए, ताकि किसी प्रकार की दुर्घटना नहीं हो।



# चिरमिरी ननि में 9 एल्डरमैन पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ वेस्ट चिरमिरी

नगर पालिक निगम चिरमिरी परिसर में शनिवार को नगर निगम के 9 नामनिर्दिष्ट पार्षद (एल्डरमैन) का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, निगम के निर्वाचित पार्षदों एवं बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। सभी 9 नामनिर्दिष्ट पार्षदों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेकर नगर निगम क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प लिया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री एवं स्थानीय विधायक श्याम बिहारी जायसवाल उपस्थित रहे। इसके अलावा एमसीबी कलेक्टर सुश्री संतन जांगडे, भाजपा जिलाध्यक्ष चंपा देवी पावले, छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, महापौर राम नरेश राय, विधायक प्रतिनिधि राजू नायक, पूर्व आयुक्त आर.पी. आँचला, नव नियुक्त निगम आयुक्त सारथी, प्रभारी एमसीबी सहित नगर निगम के पार्षद, एमआईसी सदस्य तथा अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। अपने संबोधन में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि चिरमिरी नगर निगम में पहले से मौजूद ट्रिपल इंजन सरकार को अब नौ एल्डरमैन के रूप में ₹बूस्टर इंजन₹ भी मिल गया है। उन्होंने सभी नामनिर्दिष्ट पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सामाजिक योगदान, कर्तव्यनिष्ठा और जनसेवा की पृष्ठभूमि का उल्लेख किया तथा विश्वास जताया कि उनका अनुभव नगर निगम के विकास कार्यों को नई गति प्रदान करेगा।उन्होंने कहा कि ₹एल्डरमैन₹ नाम जितना बड़ा है, उसकी जिम्मेदारी भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि जहां निर्वाचित पार्षद अपने-अपने वार्ड तक सीमित रहते हुए अपने फंड का उपयोग कर सकते हैं, वहीं नामनिर्दिष्ट पार्षद पूरे नगर निगम क्षेत्र के सभी 40 वार्डों में विकास कार्यों के लिए अपनी भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने कहा कि एल्डरमैन को विकास कार्यों के लिए 5 हजार रुपये से लेकर 1 लाख रुपये तक के कार्य कराने का अधिकार प्राप्त है, जिसका उपयोग जनहित में प्रभावी ढंग से किया जाना चाहिए। उन्होंने मनोनीत एल्डरमैनो को बधाई देते हुए कहा कि निकाय के भीतर सरकार द्वारा नियुक्त निर्दिष्ट पार्षद विकास कार्यों में अपनी महती भूमिका निभाएंगे और क्षेत्र की आवश्यकता के अनुसार सभी वार्डों में अपनी पहुंच सुनिश्चित करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री ने विकास कार्यों में आने वाली प्रशासनिक एवं तकनीकी बाधाओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि सभी आवश्यक प्रक्रियाओं और नियमों का पालन करते हुए योजनाओं को आगे बढ़ाया जाए, ताकि किसी प्रकार की रुकावट उत्पन्न न हो और विकास कार्य समय पर पूर्ण हो सकें। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों से समन्वय बनाकर चिरमिरी के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य करने का आह्वान किया।





# शासकीय विद्यालय में चोरी का खुलासा, दो गिरफ्तार

**बैकुंठपुर।** पटना पुलिस ने शासकीय विद्यालय टेंगनी में हुई चोरी के मामले का खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए 8 पंखे, 2 सिंटेक्स नेट फाइबर केबल तथा घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद की है, जबकि मामले के तीसरे आरोपी की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार शासकीय विद्यालय टेंगनी में 27 जून की शाम से 30 जून की सुबह के बीच अज्ञात चोरों ने दो कमरों के ताले तोड़कर 8 पंखे एवं 2 सिंटेक्स नेट फाइबर केबल चोरी कर लिए थे। चोरी गए सामान की कीमत लगभग 26 हजार रुपये आंकी गई। मामले में थाना पटना में अपराध क्रमांक 187/2026 के तहत भारतीय न्याय संहिता की धारा 331(4) एवं 305(ए) के अंतर्गत अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। जांच के दौरान मुखबिर की सूचना एवं तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने संदेहियों से पूछताछ की। पूछताछ में आरोपियों ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकार किया। इसके बाद पुलिस ने चोरी का सामान एवं घटना में प्रयुक्त लोहे की रॉड बरामद कर ली। गिरफ्तार आरोपियों में कन्हैया सिंह (19 वर्ष) एवं उमान सिंह (19 वर्ष), दोनों निवासी टेंगनी पटेलपारा, थाना पटना, जिला कोरिया शामिल हैं। दोनों को न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है।

पुलिस ने बताया कि मामले में फरार तीसरे आरोपी की तलाश जारी है। थाना पटना पुलिस ने कहा कि क्षेत्र में चोरी एवं अन्य संपत्ति संबंधी अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है।





आरोपी।

## चोरी की बाइक बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**पटना।** जिले के पटना थाना पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी गई स्प्लेंडर प्रो मोटरसाइकिल जब्त कर न्यायालय में पेश किया। पुलिस के अनुसार, प्रार्थी मनोज कुमार देवांगन की शिकायत पर थाना पटना में अपराध क्रमांक 191/2026, धारा 303(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मामला दर्ज किया गया था। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी उप निरीक्षक प्रमोद पांडे के नेतृत्व में टीम ने जांच शुरू की। मुखबिर की सूचना और तकनीकी जांच के आधार पर ग्राम महोरा निवासी सोमा सिंह (35) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में उसने मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया, जिसके बाद उसके कब्जे से वाहन बरामद कर जब्त कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। थाना प्रभारी प्रमोद पांडे ने लोगों से अपील की है कि चोरी, संदिग्ध गतिविधियों या अन्य अपराधों की जानकारी तत्काल पुलिस को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



किशोरी आत्महत्या का मामला, दोषियों पर कड़ी कार्रवाई का दिया भरोसा

# सीएम ने मृतका के पिता से दूरभाष पर की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर किशोरी आत्महत्या मामले को लेकर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने शनिवार को मृतका के पिता से दूरभाष पर चर्चा कर घटना की जानकारी ली और शोकाकुल परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मामले के आरोपियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई का भरोसा दिलाते हुए कहा कि राज्य सरकार पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है।

कोरिया जिला पंचायत अध्यक्ष मोहितराम पैकरा ने बताया कि मुख्यमंत्री ने घटना पर गहरा दुःख व्यक्त करते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस दौरान कंवर समाज की राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती कौशल्या विष्णुदेव साय ने भी मृतका के परिजनों से बातचीत कर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा कि समाज पीड़ित परिवार के साथ है और दोषियों को कानून के अनुसार सजा दिलाने का हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर कंवर समाज के राष्ट्रीय सहसचिव उपेंद्र सिंह पैकरा, जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, कंवर समाज कोरिया के अध्यक्ष मनियार सिंह, मुख्यमंत्री निवास की ओर से मनीष सिन्हा सहित समाज के कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।



### एसपी को सौंपे ज्ञापन

किशोरी आत्महत्या प्रकरण में आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी और सख्त कार्रवाई की मांग को लेकर कंवर समाज के सरगुजा संभागीय पदाधिकारियों ने पुलिस अधीक्षक कोरिया को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों को जल्द गिरफ्तार करने की मांग की गई। इस दौरान समाज के अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे।

# 10 वर्ष बाद भी पानी टंकी से कनेक्शन नहीं, वार्ड में जल संकट बरकरार

**कोरिया कालरी।** एमसीबी जिले के नगर पालिक निगम चिरमिरी के वार्ड क्रमांक 09 के गेल्हापानी क्षेत्र में पेयजल संकट आज भी लोगों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लगभग 10 वर्ष पहले करीब 30 लाख रुपए की लागत से ओवरहेड पानी टंकी का निर्माण कराया गया था, लेकिन आज तक उसे मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा जा सका। इसके कारण क्षेत्र के अनेक परिवार नियमित और पर्याप्त पेयजल सुविधा से वंचित हैं।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि वर्षों से इस समस्या को लेकर जनप्रतिनिधियों और संबंधित अधिकारियों के समक्ष मांग उठाई जाती रही है, लेकिन अब तक कोई ठोस समाधान नहीं निकल पाया है। उनका कहना है कि हर चुनाव में पेयजल व्यवस्था सुधारने के वादे किए जाते हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

क्षेत्रवासियों ने नगर पालिक निगम प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि गेल्हापानी की लंबित पाइपलाइन कनेक्शन की प्रक्रिया शीघ्र पूरी कराई जाए, ताकि वार्ड क्रमांक 09 के लोगों को स्वच्छ एवं नियमित पेयजल उपलब्ध हो सके। उनका कहना है कि जब तक पानी टंकी को मुख्य पाइपलाइन से नहीं जोड़ा जाएगा, तब तक क्षेत्र के जल संकट का स्थायी समाधान संभव नहीं है।





## म्यूजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगे आदित्य, मिलाप करेंगे निर्देशन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्टर आदित्य रॉय कपूर जल्द ही डायरेक्टर मिलाप जावेरी की एक नई फिल्म में नजर आने वाले हैं। यह एक्शन और बेहतरीन गानों से भरपूर एक अनोखी म्यूजिकल लव स्टोरी होगी। फिल्म निर्माता भूषण कुमार और आदित्य रॉय कपूर एक बार फिर साथ आ रहे हैं। इससे पहले दोनों आशिकी 2 और मलंग जैसी हिट फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अब दोनों साथ में एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन मिलाप जावेरी करेंगे। मिलाप जावेरी और आदित्य रॉय कपूर एक म्यूजिकल लव स्टोरी लेकर आ रहे हैं। मिलाप जावेरी ने कहा कि आदित्य में प्यार और दर्द को पर्दे पर दिखाने का एक अनोखा टैलेंट है। इस फिल्म में उनका किरदार काफी गहरा और दमदार होगा, जिसे दर्शक बेहद पसंद करेंगे।

लाइफ Style

# अंजलि




## बिना ऑडिशन धमाल 4 में हुई एंट्री

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पहले मैंने टेलीविजन पर काम किया था, इसलिए जो लोग टीवी देखते थे, वे मुझे जानते थे। फिल्म इंडस्ट्री के बहुत ज्यादा लोग मुझे नहीं जानते थे। फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी ने मेरे लिए यह बदल दिया। इंडस्ट्री के लोग मुझे पहचानने लगे। अब किसी को दोबारा परिचय नहीं देना पड़ता है। यह कहना है अभिनेत्री अंजलि आनंद का।

अंजलि आनंद शुक्रवार को रिलीज हुई फिल्म 'धमाल 4' में कामेडी करती दिख रही हैं। धमाल 4 से जुड़ने को लेकर वह कहती है कि मुझे लगता है कि यह फिल्म मेरे हिस्से में आनी ही थी। जब मेरी डायरेक्टर इंद्र कुमार से मुलाकात हुई, तो हमने करीब ढाई घंटे तक फिल्म की बात ही नहीं की। हम उनकी पुरानी फिल्मों के बारे में बातें करते रहे। फिर उन्होंने बस इतना कहा कि बेटा, मुझे तुम्हारा आडिशन लेने की जरूरत नहीं है। तुम इस फिल्म का हिस्सा हो। मुझे लगता है कि उन्होंने फिल्मों के प्रति मेरा प्यार देखा। उन्होंने मेरा दूसरा कोई काम भी नहीं देखा था, लेकिन शुरू से ही मुझ पर भरोसा किया। अंजलि कहती हैं कि बचपन से धमाल, भागम भाग, भूल भुलैया, गोलमाल से लेकर फिर हेरा फेरी तक मैंने सारी कॉमेडी फिल्में देखी हैं। ये मेरे दोस्तों की भी पसंदीदा फिल्में हैं। उनके डायलॉग आज भी हम सबको जुबानी याद हैं। मैं तो बस उस पल का इंतजार कर रही थी, जब मुझे भी अपना हुनर दिखाने का मौका मिलेगा और मैं यह साबित कर पाऊंगी कि मैंने इन सभी फिल्मों से बहुत कुछ सीखा है। अंजलि ने आगे कहा, 'अब उनके साथ परफार्म करने को मिल रहा है। सच कहूं तो मेरा अंदर का बच्चा बहुत खुश था। रितेश देशमुख से जब मैं पहली बार से मिली, तो मैंने उनसे कहा कि आपने जो फिल्म हे बेबी में शावर वाले सीन में गाना गाया था, उसे मैं आज तक नहीं भूल पाई हूं।

हॉलीवुड मसाला




## ड्यून 3 में खतरनाक हुई जंग...

लॉस एंजिल्स। ड्यून 3 का आखिरकार ट्रेलर रिलीज हो चुका है, जो इस साइंस-फिक्शन सीरीज का आखिरी चैप्टर है। ट्रेलर में शानदार विजुअल्स और इमोशनल ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। टिमोथी चालमेट एक बार फिर पॉल एट्राइड्स के रोल में नजर आ रहे हैं। लेकिन इस बार पॉल के सामने सबसे बड़ी चुनौती उसके नाम पर हो रही जंग के खतरनाक नतीजे हैं। ट्रेलर में वह अपनी ताकत और फैसलों के बोझ से जूझता दिख रहा है। जेंडाया भी ट्रेलर में नजर आती हैं। लेकिन, इस बार पॉल और चानी के रिश्ते में दरार साफ दिखती है। 'ड्यून पार्ट 2' के बाद दोनों के बीच दूरियां बढ़ गई हैं।




## 9 साल छोटी गर्लफ्रेंड संग ब्रैड का रिश्ता कन्फर्म

**नई दिल्ली।** एंजेलिना जोली से अलग होने के बाद ब्रैड पिट फिर से प्यार में पड़ चुके हैं। वह खुद से 9 साल छोटी ज्वेलरी डिजाइनर को डेट कर रहे हैं, जिनके साथ उनकी रोमांटिक फोटोज सामने आई है। दरअसल, हॉलीवुड के सुपरस्टार ब्रैड पिट इन दिनों फेमस ज्वेलरी डिजाइनर इनेस डी रेमन को डेट कर रहे हैं। दोनों करीब दो साल से एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं, लेकिन हाल ही में उन्होंने अपना रिश्ता इंस्टाग्राम पर ऑफिशियल किया है। सोशल मीडिया पर ब्रैड पिट और इनेस डी रेमन की लेटेस्ट फोटोज आग लगा रही हैं। ये तस्वीरें टेलर स्विफ्ट और ट्रैविस केल्स की शादी के फंक्शन की हैं। इनेस ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर ब्रैड पिट संग अपनी फोटोज को रीशेयर किया है जिसे सेलिब्रिटी हेयरस्टाइलिस्ट लौरी जानोलेटी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया। हेयरस्टाइलिस्ट ने दोनों की तस्वीरें शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'न्यूयॉर्क के एक खास पल के लिए मेरे फेवरेट लवर्स इनेस और ब्रैड पिट।'




## मुखबिर: द स्टोरी ऑफ स्पाई का धुरंधर से तुलना

**नई दिल्ली।** सच्ची घटना पर आधारित एक और नई फिल्म 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ स्पाई' का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। इसे देख यूजर्स 'धुरंधर' से तुलना कर रहे हैं। जिस तरह हमजा ने पाकिस्तान में घुसकर धज्जियां उड़ाई थीं, उसी तरह इस बार हरफन बुखारी है। कई सच्ची घटनाओं पर आधारित 'धुरंधर' के बाद अब एक और जासूसी फिल्म आ रही है, जिसमें 'धुरंधर' जैसा ही दमखम देखने को मिलने वाला है। इस फिल्म का नाम है 'मुखबिरः द स्टोरी ऑफ ए स्पाई' और फिल्म की कास्ट भी काफी दमदार है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है, जो चर्चा में है। मालूम हो कि पहले 'मुखबिर' एक वेब सीरीज के तौर पर रिलीज की गई थी, पर अब फिल्म बनाकर रिलीज की जा रही है। जिस तरह 'धुरंधर' में मौत की सजा पाए जसकीरत सिंह रंगी को एक भारतीय जासूस बनाकर पाकिस्तान हमजा अली मजारी के नाम से भेजा जाता है।




## द पैराडाइज से राघव का नया पोस्टर जारी

**मुंबई।** फिल्म 'द पैराडाइज' में राघव जुयाल अहम भूमिका में नजर आएंगे। उनके किरदार का नाम विक्रम मालिक है। इस फिल्म में अभिनेता का नेगेटिव रोल है। शुक्रवार को राघव के जन्मदिन के मौके पर मेकर्स ने फिल्म से उनका पोस्टर रिलीज किया है। इसके साथ शुभकामनाएं दी हैं। राघव जुयाल ने आज इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट साझा किया है। इसी के साथ 'द पैराडाइज' से राघव के किरदार की झलक दिखाई है। सामने आए पोस्टर में राघव जुयाल मुंह में सिगरेट दबाए धुआं के छल्ले बना रहे हैं। काला चश्मा लगा रखा है और तीखे तेवर के साथ देख रहे हैं। उनका यह लुक किसी खूंखार डॉन जैसा है। किल और बैड्स ऑफ बॉलीवुड में राघव जुयाल पहले ही अपनी अदाकारी से दर्शकों का दिल जीत चुके हैं। अब वे तेलुगु फिल्म में अपने अभिनय का जलवा दिखाएंगे। इसके लिए उन्होंने ट्रांसफॉर्मेशन किया है और अपने लुक पर काफी काम किया है।

टीवी मसाला



## रक्तांचल 3 में बदला और वर्चस्व का खूंखार खेल, आमने-सामने विजय-वसीम

**नई दिल्ली।** पूर्वांचल में माफिया की असल कहानी पर बनी वेब सीरीज 'रक्तांचल' के तीसरे सीजन का ट्रेलर रिलीज हो गया है। विजय सिंह और वसीम खान एक बार फिर आमने सामने हैं। इस बार बात सिर्फ बदले की नहीं है, बल्कि राजनीति के बदलते समीकरण और धोखेबाजी की भी है। रितम श्रीवास्तव के डायरेक्शन में बनी यह सीरीज 16 जुलाई से स्ट्रीम होगी। कहानी सिद्धार्थ मिश्रा ने लिखी है। समय ने बहुत कुछ छीना है हमसे, अब क्रोध भी नहीं है, सिर्फ एक आग है... ''रक्तांचल' सीजन 3' का ट्रेलर शुक्रवार को रिलीज हो गया है और पहले ही कुछ सेकेंड में विजय सिंह के किरदार का यह डायलॉग टोन सेट कर देता है। सच्ची घटनाओं पर आधारित इस वेब सीरीज का करीब दो मिनट का यह ट्रेलर हमें पूर्वांचल के उस खूंखार इलाके में वापस ले जाता है, जहां विजय सिंह और वसीम खान की पुरानी दुश्मनी, दबी हुई नफरत और सत्ता के नए खेल एक बार फिर भड़कने को तैयार हैं। कहानी पूर्वी उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल इलाके के दो मशहूर माफिया की 1980 के दशक की असल घटनाओं से प्रेरित है। सीरीज में क्रांति प्रकाश झा और निकितिन धीर लीड रोल में हैं। जब 2020 में इसका पहला सीजन और फिर 2022 में दूसरा सीजन रिलीज हुआ था, तब इस सीरीज की हिंसक और राजनीतिक दुनिया ने दर्शकों का ध्यान खींचा था। अब तीसरे सीजन में बात वर्चस्व से आगे बढ़कर बदले की है।

### हिना और रुबिना का नया टॉक शो हुआ ट्रोल

**नई दिल्ली।** टीवी के चर्चित सितारे भी अक्सर विवादों का हिस्सा बनते हैं। हाल ही में टीवी सेलेब्स से जुड़ी कुछ कंट्रोवर्सीज पर रुबिना दिलैक और हिना खान ने अपने नए टॉक शो में बात की। यह बातचीत फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स को



नहीं पसंद आई। इस वजह से दोनों एक्ट्रेसेस को ट्रोल भी किया गया है। रुबिना दिलैक ने अपने इंस्टाग्राम पेज पर अपने नए शो 'पीओवी' का एक वीडियो शेयर किया। इसमें रुबिना के पति और एक्टर अभिनव शुक्ला भी नजर आए। साथ ही हिना खान और उनके पति रॉकी भी मौजूद दिखे। यह चारों शिल्पा शिंदे और आकांक्षा चमोला जैसी टीवी एक्ट्रेसेस की पिछली कंट्रोवर्सी पर चर्चा कर रही थीं। दोनों को लेकर अपने विचार जाहिर कर रही थीं। जब फैंस ने हिना खान और रुबिना के टॉक शो का वीडियो देखा तो उन्होंने खरी-खोटी सुना दी। दरअसल, यह दोनों ही टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेसेस हैं, दोनों की अच्छी-खासी फैन फॉलोइंग है। इन्हें इस तरह से दूसरों एक्टर्स की कंट्रोवर्सी पर बात करते देख, फैंस को अच्छा नहीं लगा। कई सोशल मीडिया यूजर्स ने इन्हें खूब ट्रोल किया।

## सिलक्यारा टनल हादसे पर बनेगी फिल्म, कबीर होंगे निर्देशक



**मुंबई।** आमिर खान प्रोडक्शंस, माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और कबीर खान फिल्म्स ने नई फिल्म 'सिलक्यारा 41' का ऐलान किया है। अपकमिंग फिल्म भारत के उत्तराखंड में मौजूद सिलक्यारा टनल में हुए अद्भुत बचाव अभियान पर आधारित होगी। इस अभियान में विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया) के स्थानीय हीरो और दुनिया भर में मशहूर टनलिंग एक्सपर्ट अर्नोल्ड डिक्स ने शानदार काम किया था। इस फिल्म को अवॉर्ड जीतने वाले भारतीय फिल्ममेकर कबीर खान डायरेक्ट करेंगे। इसे मशहूर ऑस्ट्रेलियाई स्क्रीनराइटर एंड्रयू एनास्टासियोस (द वॉटर डिवाइनर) ने लिखा है। यह फिल्म भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच एक रोमांचक साझेदारी को दिखाएगी। फिल्म के बारे में बात मेकर्स ने बताया 'हमें माइंड ब्लोइंग फिल्म्स और आमिर खान प्रोडक्शंस के बीच इस अहम सहयोग की घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है। सिलक्यारा टनल बचाव अभियान की कहानी ने मुझे गहराई से प्रभावित किया है। यह नामुमकिन हालात में हिम्मत, मजबूती, सूझ-बूझ और इंसानियत की कहानी है। हमें इस ऐतिहासिक दिन पर इसकी घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है। भारत और ऑस्ट्रेलिया अपने आपसी रिश्तों में एक नया अध्याय शुरू कर रहे हैं।' ऐसे समय में जब दोनों देशों के नेता और प्रतिनिधिमंडल रिश्तों को मजबूत करने और आपसी सहयोग के नए दौर की शुरुआत करने के लिए मिल रहे हैं।

## राजेश ने माचिस से शुरू किया कॅरियर परिणीता फिल्म से मिली शोहरत

**नई दिल्ली।** बॉलीलुड और बंगाली फिल्मों में बेहतरीन अदाकारी के लिए मशहूर अभिनेता राजेश शर्मा इन दिनों चर्चा में हैं। खबर है कि वह हैदराबाद में प्रभास की अपकमिंग फिल्म 'फौजी' की शूटिंग में बिजी थे, तभी उनकी तबीयत बिगड़ गई। उन्हें कोलकाता के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है। राजेश शर्मा कई दशकों से इंडस्ट्री में हैं। फिल्मों और टीवी शो में काम करने वाले इस स्टार ने कई हिट प्रोजेक्ट्स में काम किया है। उनका जन्म 8 अक्टूबर 1970 को लुधियाना, पंजाब में हुआ था। उन्हें कम उम्र में ही एक्टिंग का शौक हो गया था। इसी वजह से उन्होंने नई दिल्ली के नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा में ट्रेनिंग ली। उन्होंने अपने करियर की शुरुआत थिएटर से की थी। एक एक्टर के तौर पर उनकी पहली फिल्म 1996 में आई 'माचिस' थी। उन्होंने कई बंगाली फिल्मों



में काम किया, जिसके बाद 2003 में 'परिणीता' फिल्म से शोहरत मिली। तब से, उन्होंने कई बड़े बजट की फिल्मों में काम किया है और भारतीय सिनेमा में लगातार सक्रिय रहे हैं। उन्होंने कई फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभा कर अपने फैंस का दिल जीता है।

### कीड़े काटने से बीमार

प्रभास की आने वाली फ़िल्म की शूटिंग के दौरान कथित तौर पर कीड़े के काटने से बीमार पड़े लोकप्रिय बंगाली अभिनेता राजेश शर्मा अब भी डॉक्टरों की निगरानी में हैं। फ़िलहाल वह ख़तरे से बाहर हैं और डॉक्टर उनका इलाज कर रहे हैं।

### इन बड़ी फिल्मों में किया काम

राजेश शर्मा की बेहतरीन फिल्मों में भूल भुलैया 3, पीकू, खोसला का घोसला, द डर्टी पिक्चर, टॉयलेटः एक प्रेम कथा, तनु वेड्स मनु' और कई अन्य शामिल हैं। उन्हें स्पेशल 26 और एम.एस. धोनीः द अनटोल्ड स्टोरी से खासा पहचान मिली। राजेश शर्मा ने साल 2005 में बंगाली अभिनेत्री सुदीप्ता चक्रवर्ती के साथ शादी की थी।

रिलीज होते ही रच दिया था इतिहास, आज भी किया जाता है पसंद

## लाइटर को जलाते हुए बना किशोर कुमार का ब्लॉकबस्टर गाना

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

फिल्मों में जितनी अहम स्टोरी होती है, उतना ही उसके गानें। आज हम आपको किशोर कुमार के एक गाने के बारे में बताते हैं। इस गाने को किशोर कुमार की आवाज, आर डी बर्मन के म्यूजिक और आनंद बख्शी के लिरिक्स ने सुपरहिट बना दिया था। इतना ही नहीं आप हैरान हो जाएंगे कि इस गाने का सिगरेट जलाते हुए लाइटर से जुड़ा एक दिलचस्प किस्सा है।

### लाइटर जलाने से जुड़ा गाने को लेकर किस्सा

इस गाने को लेकर विशाल ददलानी ने बताया था। उन्होंने एक रिएलिटी शो के दौरान कहा था कि पंचम दा सारी रात काम करके उन्होंने गाना बनाया था। जब धुन बनकर तैयार हो गई तो उन्होंने फिर इसे आनंद बख्शी को दिया ताकि वो इसके लिरिक्स लिख सकें। उस समय अब बारिश का मौसम था। आनंद बख्शी रात में घर जा रहे थे और रास्ते में वह सिगरेट जलाने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन बारिश की वजह से उनका लाइटर जल नहीं रहा था और बार-बार वो बुझ रहा था। तभी उनके दिमाग में एक लाइन आई कि चिंगारी कोई भड़के तो सावन उसे बुझाए। बस इसी के बाद उन्होंने गानों की शुरुआत की।



### कौनसा था वो गाना

*हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है चिंगारी कोई भड़के। यह गाना फिल्म अमर प्रेम का है जिसमें राजेश खन्ना, शर्मिला टैगौर, विनोद मेहरा अहम किरदार में थे। अब आपको बताते हैं इस गाने से जुड़ा दिलचस्प किस्सा।*

### बख्शी साहब ने अमर बना दिया गाना

विशाल ने फिर कहा था, 'असली कलाकार वही होते हैं जो जिंदगी की साधारण घटनाओं को इतना खूबसूरत बना दें कि वो हमेशा के लिए लोगों के दिल में बस जाए। एक आम इंसान शायद इस घटना को नजरअंदाज कर देता, लेकिन बख्शी साहब जैसे गीतकार ने उस मोमेंट को उन लाइन से गाने को अमर बना दिया।' यह गाना काफी सुपरहिट हुआ था और आज भी इस गाने को काफी पसंद किया जाता है।

### आरडी बर्मन ने की थी खूब मेहनत

आईएमडीबी की रिपोर्ट के मुताबिक आर डी बर्मन इस फिल्म के दौरान अपने कमरे में जाते और सुबह 9 बजे से लेकर रात के 9 बजे तक काम करते थे। वहीं, इस फिल्म का दूसरा गाना ये क्या हुआ, कैसे हुआ 1970 में आई बंगाली फिल्म राजकुमारी का पूरा कॉपी था जो था ये कि होलो। इस गाने को किशोर कुमार ने गाया था और म्यूजिक आर डी बर्मन ने दिया था।

### बंगाली डायरेक्टर ने इंग्लिश में लिखी थी स्क्रिप्ट

बंगाली राइटर और डायरेक्टर अरविंद मुखर्जी को हिंदी नहीं आती थी इसलिए उन्होंने अमर प्रेम की स्क्रिप्ट इंग्लिश में लिखी थी। इसके बाद राइटर रमेश पंद ने उसे पूरा हिंदी में ट्रांसलेट किया, सिर्फ एक लाइन को छोड़कर पुष्पा आई हेट टियर्स।

## खबर संक्षेप

### गैस सिलेंडर होम डिलीवरी नहीं होने से क्षेत्र के लोग परेशान

**बलरामपुर।** गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने की वजह से बलरामपुर क्षेत्र वासियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जानकारी के अनुसार सागर एचपी गैस एजेंसी रामानुजगंज में स्थित है और बलरामपुर जिले का लगभग सबसे पहला गैस एजेंसी है जिसके वजह से बलरामपुर के क्षेत्र से बड़े पैमाने पर लोग इस एजेंसी से अपना गैस कनेक्शन लिए है। बलरामपुर क्षेत्र में बड़ी संख्या में गैस उपभोक्ता इस एजेंसी के हैं। मार्च से पहले एजेंसी द्वारा बलरामपुर क्षेत्र में आकर के होम डिलीवरी प्रदान किया जाता था लेकिन पिछले तीन महीना से अधिक समय हो गया है लेकिन एजेंसी द्वारा सप्लाई नहीं दिया जा रहा है इसके वजह से काफी परेशान है। गैस उपयोगिता बड़ी मुश्किल से समय निकालकर यदि रामानुजगंज आना-जाना 60 किलोमीटर दूरी तय करते हैं तो लगभग 11 सौ में मिलने वाले सिलेंडर में 15 सौ से ऊपर पड़ता है। इसके अलावा दिन भर की मजदूरी अलग से बर्बाद होता है। इस हिसाब से देखा जाए तो एक सिलेंडर उन्हें 2000 के आसपास पड़ता है। सबसे बड़ी समस्या यह है कि यदि उपभोक्ता 60 किलोमीटर दूरी तय कर जाते भी है तो यह तय नहीं होता है कि उन्हें गैस सिलेंडर मिलेगा। अमीर और बड़े उपभोक्ता तो जाकर के और जुगाड़ करके ले आते हैं लेकिन मध्यम उपभोक्ता के लिए इतनी दूर से गैस लाना बड़ा मुश्किल हो गया है। ऐसे में उपभोक्ता परेशान है। प्रशासन की ओर से किसी प्रकार की उचित पहल नहीं होने से उपभोक्ता में नाराजगी है। बलरामपुर क्षेत्र के जावर, महाराजगंज, भीलवाड़ीह, ओवरी, ब्रदर गांव के अलावा शहर के लोगों का कहना है कि गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी नहीं होने से परेशान है।

### महिला स्व-सहायता समूह की राशि में अनियमितता पर एफआईआर दर्ज

**अम्बिकापुर।** जिला पंचायत के परियोजना अधिकारी मिथलेश पैंकरा ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित महिला समूह के नाम पर 6 लाख रुपए निकालने के सम्बन्ध में प्राप्त सूचना पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा जांच हेतु समिति गठित की गई थी। जांच समिति के द्वारा पाया गया कि ग्राम पंचायत कोसगा की सक्रिय महिला अंबानी महतवार के द्वारा आम महिला स्व सहायता समूह से 1.20 लाख एवं अनमोल आजीविका ग्राम संगठन से 5.99 लाख कुल रूपए 7.19 लाख नियम विरूद्ध लिया गया है। जांच प्रतिवेदन के आधार पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा अंबानी महतवार को 10 दिवस के भीतर ब्याज सहित सम्पूर्ण राशि संबंधित संगठनों को वापस करने हेतु निर्देशित किया गया, किंतु उक्त अवधि में इनके द्वारा राशि वापस नहीं की गई। राशि वापस नहीं करने के कारण लखनपुर के चारपारा के कोसगा की निवासी पवित्री चैधरी के द्वारा थाना लखनपुर में उपस्थित होकर उनके साथ हुए फर्जीवाड़े के संबंध में लिखित आवेदन प्रस्तुत किया गया। जिसके अनुसार अबांनी महतवार लगभग 1 वर्ष से स्व सहायता समूहों का पैसा अपने पास रखी हैं एवं पैसा वापस नहीं कर रही हैं। जिसके आधार पर थाना प्रभारी लखनपुर के द्वारा भारतीय दण्ड संहिता 2023 की धारा 318 (4) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने समस्त मैदानी अमलों एवं स्व सहायता समूहों को स्पष्ट निर्देश प्रदान किया गया है, कि भविष्य में किसी भी संगठन में किसी भी स्तर पर कोई वित्तीय अनियमितता पाई जाती है तो संबंधित के विरूद्ध कठोर दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के क्रियान्वयन के लिए हुआ प्रशिक्षण कार्यशाला



**राजपुर।** शासन की महत्वाकांक्षी 'सुघ्घर छत्तीसगढ़' अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए गुरुवार को जनपद पंचायत के सभाकक्ष में प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की गई। आयोजित कार्यशाला की अध्यक्षता एसडीएम देवेंद्र प्रधान ने की। जिला मुख्यालय से पहुंचे विशेषज्ञ प्रशिक्षण दल ने अभियान के संचालन से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया। कार्यशाला में जनपद स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी, पंचायत सचिव, पटवारी, आरईएओ, मितानिन तथा विभिन्न विभागों के मैदानी अमले ने भाग लिया।

### ग्रामीणों ने लगाया प्राकृतिक गड्ढे की मरम्मत कर बांध का रूप देने का आरोप

# बैजनाथपुर के बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी



निर्माणाधीन बांध।



निर्माण में लगे जेसीबी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सलका-अधिना

ग्राम पंचायत बैजनाथपुर में ग्रामीणों को सिंचाई सहित निस्तारण के लिए पानी उपलब्ध हो इसके लिए बांध निर्माण किया जा रहा है। इधर ग्रामीणों ने बांध निर्माण में भारी गड़बड़ी किए जाने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों का कहना है कि जिस जगह बांध बनाया जा रहा है वहां पहले से प्राकृतिक गड्ढा है जिसकी मरम्मत कर नया बांध का रूप दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच व दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

**खास बातें**
- पांच लाख की लागत से बन रहा बांध
- मनरेगा नियम के विरूद्ध जेसीबी का किया गया उपयोग

सरकार की महत्वाकांक्षी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना ग्राम पंचायत बैजनाथपुर ब में पूरी तरह फेल हो गई है। यहां 5 लाख रुपये की लागत से बन रहे बांध के नाम पर सरकारी राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि यह कोई नया बांध नहीं है बल्कि यह पहले से प्राकृतिक रूप से बना गड्ढा है। उसके नीचे की तरफ थोड़ी मिट्टी डालकर और दोनों किनारों को पाट कर उसे बांध का रूप दिया जा रहा है। बांध में लगाने के लिए कार्य स्थल पर रखा हुआ बोल्डर बेहद घटिया क्वालिटी के हैं। ग्रामीणों के अनुसार पोखरी का धुस्की पत्थर कार्यस्थल पर गिराया गया है जो हाथ से मसलने पर टूट जा रहा है। जिस तरह से बांध निर्माण किया जा रहा और जो मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है उससे बांध के पहली बारिश में ही बहने का खतरा है। ग्रामीणों का कहना है कि कार्य शुरू होने से लेकर आज तक जिम्मेदार इंजीनियर और तकनीकी सहायक एक बार भी मौके पर निरीक्षण करने नहीं आए जिससे मनमानी तरीके से घटिया सामग्री उपयोग कर राशि का दुरुपयोग किया जा रहा है। ग्रामीणों ने बांध निर्माण की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

#### फर्जी हाजरी और जेसीबी का उपयोग

बांध निर्माण में सिर्फ 18 मजदूरों ने 36 दिन काम किया है। मनरेगा की दर से लगभग 1 लाख 20 हजार रुपये का ही काम हुआ है। लेकिन पंचायत द्वारा कागजों में 2 लाख 70 हजार रुपये खर्च दर्शा कर भुगतान निकाल लिया गया है। ग्रामीणों का कहना है कि शेष काम जेसीबी मशीन से कराया गया है जो मनरेगा नियमों के विरुद्ध है। फर्जी हाजरी भरकर 1.50 लाख रुपये से अधिक की राशि डकार ली गई है।

#### नहीं है सूचना पटल नहीं

मनरेगा नियमों के अनुसार प्रत्येक कार्य स्थल पर सूचना पटल लगाना अनिवार्य है। लेकिन जहां बांध निर्माण किया जा रहा है वहां सूचना पटल ही नहीं लगाया गया है। ऐसे में ग्रामीणों को कार्य की लागत, अवधि और मजदूरों की सही जानकारी नहीं मिल पा रही।

#### मजदूरों से धोखा

मजदूरों का आरोप है कि उन्होंने 6 सप्ताह काम किया है लेकिन उन्हें सिर्फ 1 सप्ताह का भुगतान मिला है। ग्रामीणों का आरोप है कि सरपंच, सचिव और रोजगार सहायक की मिलीभगत से राशि का बंदरबाट किया जा रहा है। अब जी.राम जी योजना में भी गड़बड़ी की जा रही है।

#### ग्रामीणों की जांच मांग

ग्रामीणों ने कलेक्टर और भैयाथान जनपद पंचायत सीईओ से मांग की है कि तत्काल निर्माणाधीन बांध की जांच करने टीम भेजकर मस्टरोल का सार्वजनिक वाचन कराया जाए। फर्जी भुगतान की वसूली कर दोषी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक और इंजीनियर पर एफआईआर दर्ज की जाए। साथ ही घटिया कार्य को निरस्त कर गुणवत्तायुक्त निर्माण कराया जाए।

#### कराई जाएगी जांच

बांध निर्माण में गड़बड़ी की जा रही है तो इसकी जानकारी नहीं है। टीम भेजकर जांच कराता हूं। जांच में दोषी पाए जाने पर सभी के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-विनय कुमार गुप्ता
जनपद सीईओ



## सिलसिलेवार चोरी के मामले में नाबालिग समेत दो गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

नगर में सिलसिलेवार ढंग से चोरी की वारदातों को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने चोरी करने वाले नाबालिग और चोरी का सामान छिपाने में सहयोग करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से सोने चांदी के आभूषण और दो नग स्कूटी को बरामद किया है।

- चोरी की दो स्कूटी, सोने चांदी के जेवर बरामद

बताया जा रहा है कि 19-20 जून की दरमियानी रात नगर के तिवारी कालोनी निवासी तसिया एक्का के सूने मकान में खिड़की की जाली उखाड़कर चोर ने स्कूटी की चाबी निकालकर टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी क्रमांक सीजी 14 एमक्यू 0463 चोरी कर ली थी। घटना की शिकायत महिला ने पुलिस से की थी। इसके साथ ही 1 व 2 जुलाई की दरमियानी रात वार्ड क्रमांक 4 जशपुर रोड निवासी चंदन गुप्ता के सूने मकान का ताला तोड़कर चोर ने घर में रखे सोने चांदी के जेवर, नगदी, एप्पल मोबाइल फोन व घर के बाहर खड़ी टीवीएस ज्यूपिटर स्कूटी को चोरी कर ली थी। सिलसिले वार ढंग से हुई चोरियों की सूचना के बाद एसपी वैभव बैंकर ने मामले में जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसपी के निर्देश पर एएसपी विश्व दीपक त्रिपाठी के निर्देश पर एसडीओपी कुसमी के नेतृत्व में मामले की जांच चल रही थी। जांच के दौरान पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर विधि से संघर्षरत बालक को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने दोनों ही घरों में चोरी करने की बात कबूल करते हुए चोरी के सामान को अपने साथी सुरेन्द्र नगेसिया के पास छिपाने की बात कही। पुलिस ने अंबिकापुर से सुरेन्द्र नगेसिया को हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ करने के साथ ही निशानदेही पर चोरी की गई दोनों स्कूटी, सोने चांदी के आभूषण समेत 25 लाख रुपए का सामन बरामद किया है। पुलिस ने विधि से संघर्षरत बालक व सुरेंद्र नगेशिया पर बीएनएस की धारा 305 (ए) ,331(4) के तहत कार्रवाई की है।

## कीचड़ में तब्दील ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

एक ओर सरकार ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सड़क, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं के दावे कर रही है, वहीं प्रतापपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बेकोना की सड़क बारिश के बाद कीचड़ में तब्दील हो गई है। ऐसे में न सिर्फ ग्रामीण परेशान है वहीं स्कूल जाने वाले मासूम बच्चे रोजाना कीचड़ और गहरे गड्ढों से भरी सड़क पर जान जोखिम में डालकर स्कूल पहुंचने को मजबूर हैं।

- बच्चों सहित ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी



ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत वर्षों से खराब है। बारिश शुरू होते ही पूरी सड़क दलदल में तब्दील हो जाती है। कई जगह पानी भर जाने से यह पहचानना मुश्किल हो जाता है कि सड़क कहां है और गड्ढा कहां। ऐसे में छोटे-छोटे बच्चे फिसलते हुए, कपड़े और जूते कीचड़ में सने हुए किसी तरह स्कूल पहुंचते हैं। कई बार बच्चे गिरकर चोटिल भी हो चुके हैं, लेकिन इसके बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण और मरम्मत के लिए कई बार जनप्रतिनिधियों और संबंधित विभाग को शिकायत दी गई, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। धरातल पर आज तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह केवल सड़क की समस्या नहीं, बल्कि बच्चों की शिक्षा और सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मुद्दा है। जब स्कूल जाने का रास्ता ही सुरक्षित नहीं होगा तो शिक्षा की गुणवत्ता और बच्चों की नियमित उपस्थिति पर भी सीधा असर पड़ेगा। ग्रामीणों का कहना है कि सरकार की मंशा गांवों तक विकास पहुंचाने की है, लेकिन कई स्थानों पर अधिकारियों और संबंधित कर्मचारियों की लापरवाही से योजनाओं का अपेक्षित लाभ लोगों तक नहीं पहुंच पा रहा। यदि समय पर सड़क की मरम्मत कराई जाती तो बच्चों और ग्रामीणों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता।

## बारिश के बीच वार्डों में पसरा अंधेरा, बंद पड़ी है स्ट्रीट लाइट, शिकायत के बाद भी नही सुधरी

**लखनपुर।** नगर पंचायत के वार्ड इन दिनों अंधेरे में डूबे हुए है और वार्डों में कचरे का अम्बार फैला हुआ है। एक तरफ वार्डों में बारिश के समय अंधेरा होने से सड़क दुर्घटना के साथ ही सांप व अन्य जहरीले जंतुओं का ख़तरा बढ़ गया है। वहीं दूसरी तरफ सफाई नहीं होने से बरिश में लोगों को गन्दगी से बीमारी का डर सता रहा है।

- वार्डों में कचरे का अंबार

बता दें कि नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक 5 एव 6 में पिछले एक सप्ताह से भी अधिक समय से सड़कों पर अंधेरा पसरा हुआ है। वहीं वार्ड क्रमांक 7 में कुछ हिस्सों में ही स्ट्रीट लाईट चल चल रहे है। इसक प्रमुख कारण है कि वार्डो के स्ट्रीट लाईट बारिश में खराब हो गए है। स्ट्रिट लाईट बंद होने से ही वार्डों में अंधेरा हो गया है। इस दौरान बारिश के समय रात को सड़क पर चलने वाले लोगों को दुर्घटना का डर सता रहा है। इसके साथ ही अंधेरे में सांप व अन्य जहरीले जन्तुओं का खतरा भी बढ़ गया है। इधर नगर के वार्डों में सफाई व्यवस्था भी कई दिनों से चरमरा गई है। वार्डों में नियमित सफाई नहीं होने के कारण घरों के सामने और सार्वजनिक स्थानों पर कचरे का ढेर लगा हुआ है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और संक्रामक बीमारियों का



खतरा भी बढ़ने लगा है। बड़ी बात यह है कि वार्डों में फैले अंधेर व कचरे को लेकर वार्ड वासियों द्वारा कई बार मुख्य नगर पंचायत अधिकारी को शिकायत की जा चुकी है। लोगों ने स्ट्रीट लाईट के मरम्मत और सड़कों पर सफाई की मांग की थी एल्किन एक सप्ताह से अधिक समय बीत जाने के बाद भी ना ही बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत कराई गई है और न ही सफाई व्यवस्था में कोई सुधार देखने को मिला है।

इस संबंध में सीएमओ नगर पंचायत विद्यासागर चौधरी का कहना है कि नपं के इलेक्ट्रीशियन सड़क हादसे में घायल हो गया था। इस लिए स्थिति बिगड़ी है। जल्द ही वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाएगी।

## डीएवी स्कूल में क्लस्टर स्तरीय नेशनल स्पोर्ट्स मीट का आयोजन आज से

**बिश्रामपुर।** नगर के डीएवी पब्लिक स्कूल शनिवार 11 जुलाई को डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट 2026 की मेजबानी करने जा रहा है,सुबह 9 बजे होने वाले उद्घाटन समारोह के साथ प्रतियोगिता का शुभारंभ होगा। इस आयोजन को लेकर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया है और विद्यार्थियों, अभिभावकों व खेल प्रेमियों में खासा उत्साह देखा जा रहा है। खेल महोत्सव में विभिन्न डीएवी विद्यालयों के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। दौड़, एथलेटिक्स सहित कई खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागी जीत का परचम लहराने के लिए मैदान में उतरेंगे। प्रतियोगिता के माध्यम से छात्रों में खेल भावना, अनुशासन, टीमवर्क और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा की भावना को बढ़ावा देने का प्रयास किया जाएगा। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक एवं डीएवी पब्लिक स्कूल की स्थानीय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संजय सिंह होंगे।विद्यालय की प्राचार्य ने कहा कि डीएवी नेशनल स्पोर्ट्स मीट केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का सशक्त मंच है। खेल बच्चों में आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता, अनुशासन और संघर्ष की भावना विकसित करते हैं, कार्यक्रम में सीजी जोन बी की मैनेजर एवं एआरओ मोल्लिका मुखर्जी तथा डीएवी पब्लिक स्कूल्स सीजी जोन के रीजनल ऑफिसर प्रशांत कुमार भी अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे।

### कैश वैन व कार की टक्कर, दंपती घायल

**बिश्रामपुर।** जयनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 43 पर सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास गुरुवार देर रात एक तेज रफ्तार कैश वैन और कार की आमने-सामने की टक्कर में दंपती घायल हो गए हैं। हादसा से कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि कैश वैन सड़क किनारे नाली में जा घुसी। जयनगर पुलिस ने बताया कि ग्राम पंचायत सिलफिली निवासी 56 वर्षीय गौरांग चन्द्र मंडल पत्नी चंचला मंडल के साथ मारुति ऑल्टो कार क्रमांक सीजी 15 बी 6820 से बिश्रामपुर से अपने घर सिलफिली लौट रहा था,तभी एनएच 43 पर रात लगभग 10 बजे सिलफिली के पिलखा क्षीर के पास अंबिकापुर की ओर से आ रही कैश वैन क्रमांक एमपी 04 डब्ल्यूसी 2377 के चालक आनंद सिंह ने तेज व लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कार को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार का दाहिने तरफ का अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि अनियंत्रित कैश वैन सड़क से उतरकर नाली में जा फंसी। हादसे में प्रार्थी गौरांग चन्द्र मंडल के सिर, हाथ, पैर और सीने में गंभीर चोटें आई हैं।

### प्रधान पाठक को दी गई विदाई, शिक्षा सेवा को बताया अमूल्य धरोहर

**सोनगरा।** विद्यालय परिवार द्वारा सेवानिवृत्त प्रधान पाठक के सम्मान में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। मिडिल एवं प्राथमिक विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत स्वागत नृत्य, समूह नृत्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समारोह को यादगार बना दिया। इस अवसर पर शिक्षकों एवं अतिथियों ने सेवानिवृत्त प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी के लंबे शैक्षणिक जीवन, अनुशासन, कार्यशैली एवं विद्यार्थियों के प्रति समर्पण की सराहना की। सेवानिवृत्त



प्रधान पाठक कुमेन्द तिवारी ने कहा कि उन्हें सदैव सहयोग सम्मान और स्नेह मिला। उन्होंने सभी शिक्षकों से विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करते रहने की बात कही।


**न्यायालय तहसीलदार पटना**
**जिला-कोरिया छ.ग.**
रा.प्र.क्र.
**-:: ईश्तहार ::-**

एतद् द्वारा समस्त ग्रामीण जनता ग्राम कसरा को सूचित किया जाता है कि आवेदिका गीता आ. स्व. राम चन्द्र जाति घासिया निवासी ग्राम कसरा तहसील पटना जिला कोरिया छ.ग. द्वारा उपस्थित अपने स्व. राम चन्द्र का मृत्यु दिनांक 17/06/2008 का प्रमाण पत्र बनाने का आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है जिस पर कार्यवाही प्रारंम्भ कर दी गई।

जिस किसी हितबद्ध पक्षकार को उक्त मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के संबंध में आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति स्वयं अथवा अपने अभिभावक के जरिए दिनांक 21/07/26 को उपस्थित होकर अपना आपत्ति कर सकता है। नियत् तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई कार्यवाही नहीं किया जावेगा। तदनुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।

आज दिनांक 06/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार पटना**
**जिला-कोरिया छ.ग.**


## शाला प्रवेशोत्सव में स्कूली छात्राओं को किया गया साइकिल वितरण

**अम्बिकापुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सारगवा विकासखंड अंबिकापुर में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव एवं निःशुल्क साइकिल सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत साइकिल वितरण समारोह सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रबोध मिंज एवं अध्यक्ष श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया जिला पंचायत सदस्य अंबिकापुर रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में माता सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया। स्वागत उपरांत बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया इसके पश्चात प्राचार्य संजीव कुमार सिंह ने विद्यालय का प्रतिवेदन प्रस्तुत किया, गत वर्ष के परीक्षा परिणाम एवं विद्यालय के गतिविधियों से सभी को अवगत कराया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती दिव्या भारत सिंह सिसोदिया ने छात्र- छात्राओं को ध्यान लगाकर पढ़ाई करने एवं स्कूल के समय को जीवन के महत्वपूर्ण चरण के रूप में उपयोग करने हेतु प्रेरित किया। उन्होने कहा कि इस 7 साल मे यदि आप मेहनत करेंगे तो आपके आने वाले 50 साल सुखमर होंगे ।उन्होंने छात्र-छात्राओं को शिक्षा से मोबाइल को जोड़कर उसका सदुपयोग करने की सलाह दी। मुख्य अतिथि माननीय प्रबोध मिंज ने अपने उद्बोधन में कहा आप अपने जीवन का लक्ष्य प्रबल रखिए और उसी पर



मेहनत करके लक्ष्य को प्राप्त करने के बारे में सकारात्मक सोच रखिए आप अपने लक्ष्य के प्रति ईमानदार होकर प्रयत्न करेंगे तो आप नौकरी करें या व्यवसाय आप को सफलता आवश्य मिलेगी। जीवन की चुनौतियां को स्वीकार करते हुए आपको मन लगाकर पढ़ाई करना है। इसके बाद नव प्रवेशी बच्चों को मिष्ठान खिलाकर पुस्तक एवं गणवेश प्रदान किया गया। तत पश्चात निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना अंतर्गत विद्यालय की 48 छात्राओ को निशुल्क साइकिल प्रदान किया गया । साइकिल प्रदान करने उपरांत विद्यालय में एक पेड़ मां के नाम के तहत वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम उपरांत विद्यालय की तरफ से श्रीमती पूर्णिमा अवस्थी ने आभार प्रदर्शन किया।


**TOP IN KORIYA**
**GURUKRIPA COLLEGE**
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग
◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग
◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व),एसबीआई बैंक के पास, भिलाई(छ.ग.) 95224 66605

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

## खबर संक्षेप

### मनेन्द्रगढ़ में खुले एलएलबी कॉलेज



**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले में विधि शिक्षा के लिए एलएलबी कॉलेज की स्थापना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। भाजपा नेता एवं पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष सुरेश श्रीवास्तव ने जारी बयान में कही। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग और स्वास्थ्य शिक्षा के क्षेत्र में लगातार विकास होने के बावजूद आज भी जिले में एक भी शासकीय अथवा निजी एलएलबी कॉलेज नहीं है, जिससे कानून की पढ़ाई करने के इच्छुक युवाओं को मजबूर होकर रायपुर, बिलासपुर, अंबिकापुर, रायगढ़, कोरबा सहित अन्य शहरों का रुख करना पड़ता है। सुरेश श्रीवास्तव ने कहा कि जिले के अनेक प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं केवल आर्थिक संसाधनों की कमी के कारण अपने सपनों को साकार नहीं कर पाते। बाहर पढ़ाई करने में फीस के साथ-साथ हॉस्टल, किराया, भोजन और अन्य खर्चों का अतिरिक्त बोझ उठाना पड़ता है, जो सामान्य एवं गरीब परिवारों के लिए संभव नहीं हो पाता। ऐसे में अनेक विद्यार्थी अपनी इच्छा के बावजूद कानून की पढ़ाई छोड़ने को विवश हो जाते हैं।उन्होंने कहा कि यदि एमसीबी जिले में एलएलबी कॉलेज की स्थापना होती है तो इसका लाभ केवल जिले के विद्यार्थियों को ही नहीं, बल्कि आसपास के क्षेत्रों के युवाओं को भी मिलेगा। स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण विधि शिक्षा उपलब्ध होने से विद्यार्थियों का समय और धन दोनों की बचत होगी तथा उन्हें अपने परिवार से दूर रहकर पढ़ाई करने की मजबूरी भी समाप्त होगी। पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ने कहा कि विधि शिक्षा किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूत नींव होती है। जिले में एलएलबी कॉलेज खुलने से भविष्य में अधिवक्ता, न्यायिक सेवा, विधिक सलाहकार तथा अन्य कानूनी क्षेत्रों में करियर बनाने वाले युवाओं की संख्या बढ़ेगी। इससे जिले में विधिक जागरूकता और न्याय व्यवस्था से जुड़े योग्य मानव संसाधन भी तैयार होंगे।

### सड़क हादसे में बुजुर्ग की मौत, दो युवक घायल

**राजपुर।** राजपुर-प्रतापपुर मुख्य मार्ग पर ग्राम बगाड़ी तेंदूपारा चौक के समीप भीषण सड़क हादसे में एक 81 वर्षीय बुजुर्ग की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक सवार दो युवक घायल हो गए। डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ग्राम सिंगचौरा निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 30 सी 1871 से राजपुर से अपने गांव लौट रहे थे। उसी समय ग्राम दबगड़ी निवासी अशरफी महतो (81 वर्ष) टीवीएस एक्सएल लूना क्रमांक जेएच 14 जी 7768 से किराना सामान खरीदने राजपुर आ रहे थे। तेंदूपारा चौक के समीप लूना और बाइक के बीच आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि अशरफी महतो को गंभीर चोट लगने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई वहीं बाइक सवार दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर डायल 112 की टीम ने मौके पर पहुंचकर घायलों को अस्पताल भिजवाया। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### चाचा ससुर ने की बहू को जान से मारने की कोशिश

**सूरजपुर।** जमीन विवाद को लेकर चाचा ससुर ने न सिर्फ जमीन को अपना बताया बल्कि बहू को तलवार से जान से मारने की कोशिश की। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत पुलिस से की है। बसदेई चौकी क्षेत्र के ग्राम बांसापारा निवासी महिला की शिकायत पर पुलिस ने उसके चाचा-ससुर के खिलाफ मामला दर्ज किया है। शिकायत के अनुसार 9 जुलाई की दोपहर करीब 12.30 बजे महिला अपने बेटे और बेटी के साथ ट्रैक्टर लेकर खेत में जुताई-बुवाई करने पहुंची थी। इसी दौरान उसका चाचा-ससुर लक्ष्मण देवांगन पत्नी के साथ मौके पर पहुंचा और हाथ में लोहे की तलवार लेकर सार्वजनिक रूप से लहराते हुए जमीन को अपना बताने लगा। साथ ही किसी को भी खेत में कदम रखने पर जान से मारने की धमकी देने लगा।

## राजस्व अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव ने आज जिला कार्यालय में राजस्व अधिकारियों की विस्तृत समीक्षा बैठक लेकर जिले में संचालित विभिन्न राजस्व कार्यों एवं लंबित प्रकरणों की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में अपर कलेक्टर, दोनों अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिले के सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने सर्वप्रथम राजस्व निरीक्षकों के कार्यों एवं लंबित सीमांकन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए समय-सीमा से अधिक लंबित मामलों पर नाराजगी व्यक्त की।

उन्होंने निर्देश दिए कि वर्तमान वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए जिन प्रकरणों में मैदानी अथवा गैर-कृषि भूमि का सीमांकन किया जाना है, उनका तत्काल निराकरण किया जाए। वहीं जिन प्रकरणों में खड़ी फसल होने से किसानों को असुविधा हो सकती है, ऐसे सीमांकन 15 अक्टूबर के बाद किए जाएं। कलेक्टर ने राजस्व न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित किया जाए तथा सभी प्रकरणों का ई-कोर्ट प्रणाली के माध्यम से अनिवार्य रूप से पंजीयन एवं समय-सीमा में निराकरण किया जाए। विवादित प्रकरणों में भी अनावश्यक विलंब न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कलेक्टर ने अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा प्रकरणों के त्वरित एवं समयबद्ध निराकरण के लिए प्रक्रिया को और अधिक सरल एवं जनहितैषी बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रकरणों के आवेदन सीधे संबंधित पटवारी कार्यालय में प्राप्त किए जाएं तथा पटवारी द्वारा आवश्यक जांच एवं प्रतिवेदन तैयार कर प्रत्यक्ष रूप से संबंधित राजस्व न्यायालय में प्रस्तुत किया जाए। इससे अनावश्यक समय की बचत होगी, आम नागरिकों को बार-बार तहसील कार्यालय के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे तथा प्रकरणों का शीघ्र एवं पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित हो सकेगा।

उन्होंने निर्देश दिए कि पटवारी प्रतिवेदन निर्धारित समय-सीमा में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें, जिससे किसी भी प्रकरण में अनावश्यक विलंब न हो। न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा के दौरान यह भी पाया गया कि अनेक मामलों में संबंधित पटवारियों द्वारा लंबे समय से प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए जाने के कारण प्रकरण अनावश्यक रूप से लंबित हैं। इस पर कलेक्टर ने गंभीर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि ऐसे सभी लंबित प्रकरणों की सूची तैयार की जाए तथा जिन पटवारियों द्वारा समय-सीमा में प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं किए गए हैं, उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई का प्रस्ताव प्रस्तुत किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालयीन प्रकरणों में लापरवाही किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी। बैठक में नक्शा बटांकन की धीमी प्रगति पर कलेक्टर ने असंतोष व्यक्त करते हुए लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। सभी राजस्व निरीक्षक (आरआई) भी प्रत्येक सोमवार को अपने मुख्यालय में उपस्थित रहकर पटवारियों के कार्यों की समीक्षा करेंगे तथा यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी पटवारी नियमित रूप से अपने मुख्यालय में उपलब्ध रहें, जिससे ग्रामीणों एवं ग्राम पंचायतों के प्रतिनिधियों की राजस्व अधिकारियों तक सहज पहुंच सुनिश्चित हो सके।

## मिशन मोड में पूरा करें एग्रीस्टैक पंजीयन

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रोक्तिमा यादव ने आज जिले में एग्रीस्टैक पंजीयन एवं खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 की तैयारियों की समीक्षा हेतु सभी तहसीलदारों, आरएईओ, समिति प्रबंधकों तथा कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक ली। बैठक में अधिकारियों को एग्रीस्टैक पंजीयन मॉड्यूल का प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया, ताकि पंजीयन कार्य में किसी प्रकार की तकनीकी कठिनाई न आए तथा किसानों को समयबद्ध एवं सुगमता से सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। प्रशिक्षण के दौरान एग्रीस्टैक पंजीयन, खसरा मैपिंग एवं किसान पंजीयन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी भी साझा की गई। बैठक में कलेक्टर ने जिले में एग्रीस्टैक पंजीयन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को मिशन मोड में निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि विगत वर्ष के छूटे हुए 135 एक्सेम्प्टेड श्रेणी के किसानों का पंजीयन तथा लगभग 3500 लंबित खसरों की एग्रीस्टैक से मैपिंग प्राथमिकता के आधार पर इस सप्ताह पूर्ण की जाए। कलेक्टर ने राजस्व, कृषि एवं खाद्य विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं टीम भावना के साथ कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एग्रीस्टैक पंजीयन, खसरा मैपिंग एवं किसान पंजीयन परस्पर जुड़े हुए कार्य हैं, इसलिए सभी विभाग संयुक्त कार्ययोजना बनाकर नियमित समन्वय के साथ कार्य करें, ताकि जिले का कोई भी पात्र किसान पंजीयन एवं शासकीय योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि इस सप्ताह प्रत्येक समिति स्तर पर विशेष पंजीयन शिविर आयोजित कर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में भूमि संबंधी विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ एग्रीस्टैक पंजीयन के आधार पर उपलब्ध कराया जाएगा। इसलिए प्रत्येक पात्र किसान का समय पर पंजीयन सुनिश्चित करना सभी संबंधित अधिकारियों की सर्वोच्च जिम्मेदारी है। बैठक में कलेक्टर ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि पंजीयन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही, उदासीनता अथवा अनावश्यक विलंब को गंभीरता से लिया जाएगा तथा दोषी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध नियमानुसार कड़ी अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

■ छूटे किसानों को हर हाल में जोड़ें

# मनेन्द्रगढ़ को 4.89 करोड़ की सौगात

## 61 निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज. मनेन्द्रगढ़



नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने लगभग 4 करोड़ 89 लाख 58 हजार रुपये की लागत से विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक रत्ना सिंह, नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, सहित जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

भूमिपूजन के कार्यों में जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) मद से 17 निर्माण कार्यों पर 90.70 लाख रुपये, अधोसंरचना मद से 44 निर्माण कार्यों पर 3 करोड़ रुपये तथा वार्ड क्रमांक 18 स्थित स्टेडियम में मंच, गैलरी एवं पवेलियन निर्माण के लिए 98.88 लाख रुपये के कार्य शामिल हैं। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि इन विकास कार्यों से नगर में सड़क, नाली, खेल अधोसंरचना और अन्य बुनियादी सुविधाओं का विस्तार होगा। उन्होंने कहा कि वार्ड 18 के स्टेडियम में बनने वाले मंच, गैलरी और पवेलियन से स्थानीय खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी और खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि पूरे एमसीबी जिले में स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल, सड़क और आधुनिक अधोसंरचना के क्षेत्र में तेजी से विकास कार्य किए जा रहे हैं। मेडिकल कॉलेज, नर्सिंग कॉलेज और अन्य महत्वपूर्ण परियोजनाएं जिले को नई पहचान देंगी।

# जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज. अनूपपुर




सांसद शहडोल संसदीय क्षेत्र हिमाद्री सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट कार्यालय स्थित नर्मदा सभागार में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पूर्व बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा करते हुए विभिन्न विभागों द्वारा किए गए कार्यों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। सांसद ने अधिकारियों को दिए गए निदेर्शों के क्रियान्वयन की स्थिति जानी तथा योजनाओं को समयबद्ध रूप से पूरा करने के निर्देश दिए,सांसद श्रीमती सिंह ने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी नियमित रूप से जिले के ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण करें, ताकि उनकी गुणवत्ता एवं प्रगति का समयबद्ध आंकलन सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण हों तथा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति का मौके पर जाकर अवलोकन किया जाए,अधिकारियों को शासन की मंशा एवं उद्देश्यों के अनुरूप पूर्ण प्रतिबद्धता,उत्तरदायित्व एवं पारदर्शिता के साथ कार्य करते हुए योजनाओं का प्रभावी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित करना चाहिए,बैठक में सांसद हिमाद्री सिंह ने जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत चिन्हित बसाहटों में पेयजल उपलब्धता की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त की,अधिकारियों ने अवगत कराया कि जिले में 210 बसाहटों का चिन्हांकन किया गया है, जहां नल-जल योजना के माध्यम से शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए आवश्यक विभागीय कार्यवाही की जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि जिले के 411 आंगनबाड़ी केंद्रों में से 110 केंद्रों में विद्युत कनेक्शन प्रदान किए जा चुके हैं तथा शेष केंद्रों में विद्युत सुविधा उपलब्ध कराने की कार्रवाई प्रगति पर है,इस पर सांसद श्रीमती हिमाद्री सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि शेष विद्युतविहीन मजरे-टोलों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों में प्राथमिकता के आधार पर विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की कार्यवाही शीघ्र पूर्ण की जाए, ताकि सभी पात्र क्षेत्रों एवं संस्थानों तक समयबद्ध रूप से विद्युत सुविधा सुनिश्चित की जा सके। वनमंडलाधिकारी ने जानकारी दी कि जिले में कैम्पा योजना के अंतर्गत विगत 15 दिवस के दौरान लगभग 2 लाख 97 हजार बरगद,पीपल,बांस एवं अन्य प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया है। बैठक में उन्होंने विभिन्न विभागों से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए, बैठक में विधायक पुष्पराजगढ़ फुंदेलाल मार्को,जिला पंचायत अध्यक्ष प्रीति रमेश सिंह,कलेक्टर हर्षल पंचोली, सीईओ जिपं अर्चना कुमारी,वनमंडलाधिकारी डेविड वेंकटेश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम सहित जिले के नगरीय निकायों के अध्यक्ष एवं संबंधित विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

## न्यू लाईफ में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यशाला




**बैकुण्ठपुर।** न्यू लाईफ हेल्थ एण्ड एजुकेषन सोसायटी द्वारा संचालित न्यू लाईफ इंस्टिट्यूट ऑफ नर्सिंग में संस्था संचालक डॉ. प्रिंस जायसवाल के निर्देशन में विश्व जनसंख्या दिवस पर कार्यषाला का आयोजन किया गया। 11 जुलाई को सारी दुनिया में जनसंख्या दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्ष 1989 में यूनाईटेड नेसंस डेवलपमेंट प्रोग्राम की गवर्निंग कांउसिल ने 11 जुलाई की तारीख को विष्व जनसंख्या दिवस के तौर पर मनाने का फैसला किया था, 11 जुलाई 1990 से यह दिन विष्व जनसंख्या के रूप में मनाया जा रहा है। इस वर्ष 2026 विष्व जनसंख्या दिवस का थीम युवाओं की आशाओं और आकांक्षाओं को साकार करना आज और भविष्य के लिए। मतलब यह विषय युवाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा, कौशल और भविष्य के निर्माण में उनकी भागीदारी पर जोर देता है। इस दिन को मनाने का मुख्य उद्देष्य वर्तमान में बढ़ती आबादी के कारण होने वाले दुष्प्रभावों और इससे जुड़े सभी मुद्दो की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित कर उन्हें जागरूक करना है, बढ़ती जनसंख्या के बारे में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया, साथ ही जनसंख्या की महत्व एवं जनसंख्या नियंत्रण के महत्व के बारे में जानकारी दी गई। कार्यशाला का आयोजन टीयूटर लक्ष्मी साहू, गीता चक्रधारी एवं प्रस्तुतीकरण पावर पॉइंट प्रजेनटशन पांचवां सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के द्वारा प्राचार्य डॉ. अंजना समुएल के मार्गदर्षन में अन्य षिक्षकों की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया।

## मनेंद्रगढ़, झगराखांड और खोंगापानी के मनोनीत पार्षदों ने ली शपथ

हरिभूमि न्यूज. मनेंद्रगढ़



नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ के जनपद सभा कक्ष में आज आयोजित गरिमामय समारोह में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल की उपस्थिति में नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़, नगर पंचायत झगराखांड एवं नगर पंचायत खोंगापानी के मनोनीत पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवनियुक्त पार्षदों ने जनसेवा, पारदर्शिता और नगर विकास के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने की शपथ ली।

समारोह में छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, पूर्व संसदीय सचिव एवं जिला अध्यक्ष चंपादेवी पावले, कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सुश्री संतन देवी जांगड़े, पुलिस अधीक्षक श्रीमती रत्ना सिंह, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ की अध्यक्ष श्रीमती प्रतिमा यादव, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) लिंगराज सिदार, नगर पंचायत झगराखांड की अध्यक्ष श्रीमती रीमा यादव, नगर पंचायत खोंगापानी की अध्यक्ष श्रीमती ललिता यादव, जिला पंचायत अध्यक्ष यशवंती सिंह, नगर पालिका परिषद मनेंद्रगढ़ के उपाध्यक्ष धर्मेन्द्र पटवा, जिले के सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने नवनियुक्त मनोनीत पार्षदों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनप्रतिनिधि जनता की आशाओं और विश्वास का केंद्र होते हैं। उनकी जिम्मेदारी केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना भी है। उन्होंने कहा कि सभी मनोनीत पार्षद पूरी निष्ठा, ईमानदारी और संवेदनशीलता के साथ जनता की सेवा करते हुए अपने-अपने नगरों के विकास में सक्रिय भूमिका निभाएं।

## यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाएं

**बिजुरी।** पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा शहर में विशेष यातायात जागरूकता एवं चेकिंग अभियान चलाया गया,अभियान के दौरान प्रमुख मार्गों एवं चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग की गई,सड़क किनारे अव्यवस्थित रूप से खड़े वाहनों को हटवाकर यातायात व्यवस्था सुचारू कराई गई,यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के अंतर्गत चालानी कार्यवाही की गई।



रात्रिकालीन दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु मालवाहक एवं अन्य वाहनों पर रिफ्लेक्टिव रेडियम टेप लगाए गए तथा वाहन चालकों को वाहनों में रेडियम,इंडिकेटर एवं अन्य सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए,साथ ही वाहन चालकों को हेलमेट एवं सीट बेल्ट का अनिवार्य रूप से उपयोग करने,निर्धारित गति सीमा का पालन करने,शराब पीकर वाहन नहीं चलाने,मोबा.फोन का प्रयोग न करने तथा सड़क पर वाहन खड़ा नहीं करने संबंधी समझाइश देकर यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया गया। यातायात पुलिस उमरिया द्वारा नागरिकों से सुरक्षित एवं व्यवस्थित यातायात व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करने तथा यातायात नियमों का पालन करने की अपील की गई।

# श्रावण से पहले प्राचीन शिव मंदिर के जीर्णोद्धार व सौंदर्यीकरण की मांग

हरिभूमि न्यूज. चरचा कॉलरी



भगवान भोलेनाथ के पावन श्रावण मास के आगमन से पहले नगर पालिका शिवपुर चरचा के वार्ड क्रमांक 8 स्थित ऑफिसर कॉलोनी के प्राचीन शिव मंदिर की जर्जर हालत को लेकर श्रद्धालुओं में गहरी चिंता व्याप्त है। क्षेत्रवासियों एवं शिव भक्तों ने मंदिर के शीघ्र जीर्णोद्धार और सौंदर्यीकरण की मांग करते हुए एसईसीएल प्रबंधन, नगर पालिका शिवपुर चरचा एवं जनप्रतिनिधियों से तत्काल पहल करने की अपील की है।

स्थानीय लोगों के अनुसार यह प्राचीन शिव मंदिर वर्षों से क्षेत्र की आस्था का प्रमुख केंद्र रहा है। प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां भगवान भोलेनाथ के दर्शन एवं पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। श्रावण मास, महाशिवरात्रि तथा अन्य धार्मिक अवसरों पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहता है। बावजूद इसके मंदिर का रखरखाव लंबे समय से उपेक्षित बना हुआ है। मंदिर का मुख्य प्रवेश द्वार क्षतिग्रस्त हो चुका है। परिसर की बाउंड्री वॉल कई स्थानों पर टूटकर जर्जर हो गई है। यज्ञ कुंड भी मरम्मत की बाट जोह रहा है। मंदिर परिसर में बिजली के तार बिखरे पड़े हैं, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका बनी हुई है। वहीं सूचना बोर्ड भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुका है। इन अव्यवस्थाओं के कारण मंदिर की सुंदरता और धार्मिक गरिमा दोनों प्रभावित हो रही हैं। श्रद्धालुओं का कहना है कि कुछ ही दिनों में श्रावण मास प्रारंभ होने वाला है, जब प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए मंदिर पहुंचेंगे। ऐसे में यदि समय रहते मंदिर परिसर की साफ-सफाई, रंग-रोगन, विद्युत व्यवस्था, प्रवेश द्वार, बाउंड्री वॉल, यज्ञ कुंड तथा अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य नहीं कराए गए, तो श्रद्धालुओं को असुविधा के साथ सुरक्षा संबंधी समस्याओं का भी सामना करना पड़ सकता है।शिव भक्तों ने मांग की है कि श्रावण मास शुरू होने से पहले मंदिर का समग्र जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण कराया जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण मिल सके। उनका कहना है कि यह मंदिर केवल पूजा-अर्चना का स्थान नहीं, बल्कि क्षेत्र की धार्मिक आस्था और सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है।

